आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.11.2025   समय : 1905

- गृह मंत्री अमित शाह ने कहा–सरकार ने सीमा सुरक्षा बल को दुनिया का सबसे आधुनिक और आक्रामक बल बनाने के लिए पाँच साल का लक्ष्य रखा है।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज नई दिल्ली में बुनियादी ढांचे और ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ ग्यारहवें बजट पूर्व बैठक की अध्यक्षता की।
- राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षता में एम एस एम ई महिला क्लस्टर के साथ एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- भोपाल में आयोजित बावनवीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में द्वीप समूह के छात्रों ने अपने नवाचारपूर्ण मॉडल प्रस्तुत किए।

<><><><><><><>

गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि अगला एक वर्ष सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ के आधुनिकीकरण और बल के कर्मियों के कल्याण के लिए समर्पित होगा। गुजरात के भुज में बीएसएफ के हीरक जयंती स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि गृह मंत्रालय ने बीएसएफ को विश्व का सबसे आधुनिक और आक्रामक बल बनाने के लिए पाँच साल का लक्ष्य रखा है।

<><><><><><><>

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज नई दिल्ली में बुनियादी ढांचे और ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ ग्यारहवें बजट पूर्व बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक केंद्रीय बजट वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के संबंध में आयोजित की गई थी। इसमें विद्युत मंत्रालय, बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिवों, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार ने भाग लिया।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने आज बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के चरण–दो के शुरू होने के बाद से अब तक मतदाताओं के बीच पचास करोड़ तैंतालीस लाख से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए

गए हैं। मतदाता सूची के एस आई आर के चरण दो की शुरूआत चार नवंबर से नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में हुई है। इन राज्यों में छत्तीसगढ, गोआ, गुजरात, केरल, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित प्रदेशों में पुद्दुचेरी, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह शामिल हैं। मतदाता सूचियों के व्यापक पुनरीक्षण का समापन अगले वर्ष सात फरवरी को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ होगा।

<><><><><><><>

पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश नेयाज आलम ने साउथ प्वाइंट निवासी शेख महबूब उर्फ गाठी को, एक नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में सजा सुनाई। आरोपी को पोक्सो अधिनियम की धारा के तहत पांच वर्षों के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना न भरने पर आरोपी को और अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा काटनी होगी। साथ ही अदालत ने पीड़िता के लिए 2,00,000 रुपये का मुआवज़ा देने का आदेश दिया। यह मामला राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक ए.एस. ज़िनू द्वारा चलाया गया।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय के प्रशिक्षण हॉल में आज राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया राहतकर की अध्यक्षता में एम एस एम ई महिला क्लस्टर के साथ एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग और विभिन्न हितधारकों ने भाग लिया। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में अध्यक्षा विजया राहतकर ने कहा—

इस दौरान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज के प्रभारी, सहायक निदेशक जी.के. सिन्हा ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए द्वीपों में स्वयं सहायता समूह को मजबूत करने में MSME की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। इंडस्ट्रीज के निदेशक अतुल सोनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए अलग—अलग महिला—केंद्रित विकासीय परियोजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान कई महिला लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। इस कार्यक्रम में एक सौ पच्चीस से अधिक महिला उद्यमियों और कारीगरों एवं क्लस्टर सदस्य ने भाग लिया।

<><><><><><><>

भोपाल में आयोजित बावनवीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में द्वीप समूह के छात्रों ने अपने नवाचारपूर्ण मॉडल प्रस्तुत किए। राज्य स्तरीय चयन के बाद नयन दास, सागर कुमार राय, श्रिया जैस्मिन और सदनंद मंडल के मॉडल राष्ट्रीय स्तर के लिए चुने गए। देशभर के दो सौ सैंतालीस मॉडलों में द्वीपों के मॉडल खास आकर्षण बने – कृषि नवाचारों का लाइव प्रदर्शन, ड्राइवर स्लीप अलर्ट सिस्टम, और श्रेया का पिरामिड मॉडल विशेष रूप से सराहा गया। यह प्रदर्शनी तेईस नवंबर तक चलेगी।

<><><><><><><>

निकोबार जिले के मेडिकल ऑफिसर्स और हेल्थ स्टाफ के लिए एडल्ट BCG वैक्सीनेशन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, श्री विजया पुरम में सेंट्रल TB डिवीजन, स्टेट TB सेल और द्वीप समूह के स्टेट इम्यूनाइजेशन डिवीजन के सहयोग से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ सूजा एंटनी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों भी उपस्थिति थे। प्रशिक्षण में निकोबार जिले से कुल छह मेडिकल ऑफिसर और तेरह हेल्थ स्टाफ ने भाग लिया। दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को MYV BCG वैक्सीनेशन पर सम्पूर्ण जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

विम्बर्लीगंज के नयापुरम में अंडमान महिला मंडल और नई मंजिल, एनजीओ द्वारा संयुक्त रूप से दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का नेतृत्व नई मंजिल के अध्यक्ष पी. अब्दुल बशीर ने किया। आज के कार्यक्रम का उद्घाटन चिन्मय मिशन के अध्यक्ष स्वामी शुद्धानंद सरस्वती की उपस्थिति में किया गया। अन्होंने इस पहल की सराहना की और निवारक स्वास्थ्य सेवा और सामुदायिक कल्याण के महत्व पर जोर दिया। एमवाई भारत के संयुक्त निदेशक एस. आर. बिस्वास ने सभा को संबोधित किया और सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष गोरखनाथ पाटिल भी मौजूद थे।

<><><><><><><>

विम्बर्लीगंज के कन्यापुरम ग्राम पंचायत सभागार में सत्ताईस नवम्बर को सुबह दस बजे ग्राम सभा बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में ग्राम पंचायत विकास योजना के प्रारूप की तैयारी पर चर्चा की जाएगी। आम जनता से इस सभा में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की गई है।

<><><><><><><>